बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-30
14/01/2019

मकर संक्रांति के मौके पर मुख्यमंत्री दही–चूड़ा भोज में हुये सम्मिलित

पटना, 14 जनवरी 2019 :– मकर संक्रांति के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास, लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय और भाजपा विधान पार्षद श्री रजनीश कुमार के आवास पर आयोजित दही–चूड़ा के भोज में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर तमाम लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनायें दीं।

सबसे पहले जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह के हार्डिंग रोड स्थित आवास पर आयोजित दही चूड़ा के भोज में मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए, जहाँ जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। दही–चूड़ा के भोज में मुख्यमंत्री सहित बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष श्री हारून रशीद, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री जयकुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री रणवीर नंदन, विधायक श्रीमती पूनम देवी, विधायक श्रीमती रंजू गीता, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गाँधी जी, बिहार नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह, राज्य महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री विद्यानंद विकल के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति, जदयू कार्यकर्ता एवं आमलोग उपस्थित थे।

लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित दही चूड़ा के भोज में राज्यपाल श्री लाल जी टंडन, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान ने मुख्यमंत्री को गले लगाकर मकर संक्रांति की बधाई दी। मुख्यमंत्री के साथ लोजपा कार्यालय में आयोजित दही–चूड़ा के भोज में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील मोदी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष श्री हारून रशीद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री नित्यानंद राय, लोजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, सांसद श्री चिराग पासवान सहित पार्टी के कई बड़े नेता, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद थे।

विधान पार्षद श्री रजनीश कुमार के जवाहरलाल नेहरू मार्ग स्थित आवास पर भी आयोजित दही–चूड़ा भोज में मुख्यमंत्री सम्मिलित हुये। विधान पार्षद श्री रजनीश कुमार ने बुके भेंट कर मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। इस मौके पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के उप सभापति श्री हारुन रशीद, विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी सहित भाजपा के कई नेता, कार्यकर्ता एवं आमलोग मौजूद थे।

******